भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 15.12.2025

आरेडिका में भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा साइकिल हाइक का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में दिनांक 14.12.2025 को भारत स्काउट एवं गाइड के 26 सदस्यों द्वारा आरेडिका परिसर में एक साइकिल हाइक का आयोजन किया गया। स्काउट डेन से प्रारम्भ होकर यह हाइक दो अलग–2 रास्तों से हेरिटेज पार्क पहुंचा। रास्ते मे विशेष पहचान चिन्हों के द्वारा अलग– अलग चिन्हों की पहचान करते एवं उत्सुकता एवं जानकारी को बढ़ाते–सीखते बच्चे बहुत उत्साह के साथ आगे बढे। बच्चों ने हेरिटेज पार्क मे अनुशासन टेण्ट लगाने एवं बिना बर्तनों के भोजन बनाने की कला सीखी। यह कार्यक्रम बच्चो के ज्ञान एवं उत्साह को बढाने वाला था।

मुख्य जिला आयुक्त तथा मुख्य सामग्री प्रबंधक कामेश्वर पासवान, जिला आयुक्त (स्काउट) एवं उपमुख्य यांत्रिक अभियंता एन के वर्मा, जिला सचिव आदित्य प्रकाश, जिला संगठन आयुक्त शबीना बानो एवं दीपक कुमार तथा अन्य लीडर्स के देखरेख में यह हाइक सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

15.12.2025

(आर एन तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी